## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 25.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा मिशन शक्ति टीम साथ सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में किया गया शक्ति संवाद । बच्चियों/छात्राओं को सरल भाषा में गुड टच- बैड टच के बारे में दी गई जानकारी । छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग कर उन्हे कैरियर विकल्पों के बारे में दी गई जानकारी ।**

**विवरण-** मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 26.09.2025 को सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक द्वारा मिशन शक्ति टीम के साथ शहर क्षेत्र स्थित सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बच्चियों को सरल तरीके से **गुड टच और बैड टच** के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया तथा उन्हे इसके संबंध में शार्ट क्लिप्स दिखाई गई । बालिकाओं को **बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट (POCSO Act)** और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय, एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई । इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया । मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को **1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर)** एवं **112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)** के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें । सुश्री मेविस टॉक ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं । कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था । सुश्री टॉक द्वारा हाईस्कूल की छात्राओं से बातचीत कर उनकी कैरियर कॉउंसलिंग की गई तथा उन्हे विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही शासन द्वारा उनके सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हे पम्प्लेट वितरित किए गए । कार्यक्रम में नन्ही बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया ।